an>

Title: Need to re-open tea garden of the Dunkans company.

**श्री दशरथ तिर्की (अलीपुरद्वारस):** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज बहुत दिनों के बाद मैं चांस पाया हूं, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं वाणिज्य मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र चाय बागान इलाका से है। करीब-करीब पौने तीन सौ चाय बागान वहां पर हैं। इनमें करीब 15-16 चाय बागान बंद हैं। वर्ष 2016 में हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी वहां गए थे। उस दौरे में उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि आप लोग हमें वोट दीजिए और आपके क्षेत्र के जितने चाय बागान हैं, उनको मैं खुलवा दूंगा। उसके पश्चात हमारी भूतपूर्व वाणिज्य मंत्री सम्माननीया सीतारमण जी भी गई हुई थीं, उन्होंने भी यह आश्वासन दिया था कि डंकन्स कम्पनी के बंद ये सात चाय बागान हम लोग टी-बोर्ड के अधीनस्थ करेंगे। यह दु:ख की बात है कि अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। हमारी माननीय मुख्य मंत्री ममता बनर्जी की परचेष्टा से करीब 4-5 बागान अभी खुले हुए हैं।

मैं वाणिज्य मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि ये चाय बागान दूरस्थ हैं, इनको कैसे सुविधा दी जाए और कैसे खोला जाए, इसके लिए मैं आग्रह करता हूं। धन्यवाद।